**एफ.संख्या 18-01/सा.प्र./2018-एफएसएसएआई**
**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण**
**तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,**
**नई दिल्ली – 110002**

दिनांक 25 अक्तूबर, 2018

**सीमित निविदा आमंत्रित करने से संबंधित सूचना**

**मरम्मत कार्यों और जलरोधी कार्यों के लिए बोलियां आमंत्रित करना**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुपालन में कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 स्थित एफडीए भवन और अन्य स्थानों पर विभिन्न कार्यों जैसे विविध सिविल निर्माण कार्य, छत के ऊपरी तल (पंचम तल) के क्षेत्र को जलरोधी बनाने और मरम्मत आदि कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।

02. निविदा दस्तावेज एफएसएसएआई की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं। उपयुक्त रुप से भरे हुए निविदा दस्तावेज संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ निदेशक (सामान्य प्रशासन), एफएसएसएआई, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को संबोधित करते हुए **21 नवम्बर, 2018 को अथवा उससे पहले 1300 बजे तक** प्रस्तुत किए जाएं और उसके साथ बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रुप में 25,000/-रुपए (मात्र पच्चीस हजार रुपए) (बिना ब्याज के) का डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश संलग्न करें। ईएमडी के प्रति यह डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान आदेश वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफएसएसएआई, नई दिल्ली के पक्ष में बनाया जाए जोकि भुगतान के लिए नई दिल्ली में देय हो।

निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तों का उल्लेख है, को सामान्य प्रशासन प्रभाग से *वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई.*, नई दिल्ली के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित वाणिज्य बैंक के नाम निविदा की लागत के प्रति 100/- (अप्रत्यर्पणीय) के डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश के रुप में अथवा नकद भुगतान के द्वारा प्राप्त किया जा सकता। दूसरे विकल्प के रुप में, निविदा दस्तावेज की लागत और बोली के प्रस्तुतिकरण की लागत, जैसाकि ऊपर उल्लेख किया गया है, के प्रति भुगतान करके निविदा दस्तावेज को एफएसएसएआई की वैबसाइट www.fssai.gov.in **और/अथवा सीपीपी पोर्टल** www.eprocure.gov.in/epublish/app से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

05. **पत्राचार का पता :** सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 ।

**सहायक निदेशक(सामान्य प्रशासन)**
**भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण**